PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रैनवाल, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

जरूरी सूचना
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पावंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें
9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 20224-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 22 अंक 15 जयपुर: 8 मार्च 2024 से 22 मार्च 2024 RNI No : RJHIN/2002/9810 वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा सम्पन्न और परिणाम घोषित

रिया चौधरी ने राजस्थान में द्वितीय, जयपुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया

रिया चौधरी, कक्षा 6

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मानसरोवर जयपुर की रिया चौधरी ने महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा में अपने विचार प्रकट कर राजस्थान में दूसरा स्थान और जयपुर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया। महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा 2023 का परिणाम गत सप्ताह राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा घोषित किया गया। जिसके अंतर्गत राजस्थान में द्वितीय स्थान पर और जयपुर जिले में प्रथम स्थान पर स्थानीय विद्यालय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कांवेरी पथ मानसरोवर की कक्षा 6 की छात्र रिया चौधरी पुत्री रामनारायण एवं सावित्रि देवी के द्वारा ग्रुप एक लिए उपरोक्त उपलब्धि प्राप्त कर स्थानीय विद्यालय को गौरवित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य अनु चौधरी के द्वारा रिया को पार्थना सभा में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के समक्ष प्रोत्साहित किया गया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के शिक्षक डॉ संतोष कुमार जाखड़ ने अवगत करवाया की गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा सत्र 2020 से राजस्थान सरकार के द्वारा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष विद्यार्थियों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मौलिक मूल्य को विद्यार्थियों के जीवन में आत्मसात करने और उनका अनुसरण करते हुए राष्ट्र के लिए एक योग्य नागरिक बन सके। विद्यालय से नियमित रूप सत्र 2021 में वंशिका गुप्ता के द्वारा जयपुर जिला स्तर पर छठी मेरिट प्राप्त की तथा 2022 में विद्यालय की छात्रा रेणुका गोयल ने जिला स्तर पर दूसरा स्थान और गीतांजलि ने जिला स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया और इस वर्ष 2023 में राज्य स्तर पर दूसरा स्थान विद्यालय की छात्रा रिया ने प्राप्त किया इस उपलब्धि का श्रेय डॉ संतोष कुमार जाखड़ और दीपक कश्री को जाता है की सही समय पर विद्यार्थियों को इसकी सूचना प्रेषित कर और उन्हें प्रोत्साहित किया। इस परीक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमश: स्कूटी, लेपटॉप और साइकिल वितरित की जाती है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या अनु चौधरी ने रिया चौधरी की इस उपलब्धि के लिए उनके माता सावित्री और परिवारजनों को शुभकामनाएं दी जिन्होंने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पर विश्वास किया और यहां अध्ययन के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने विद्यालय परिवार के रूची सिंह, संतोष जाखड़, कविता श्रीवास्तव, हेमलता चंदोलिया, सुरेश यादव को शुभकामनाएं दी जिन्होंने रिया चौधरी के माध्यम से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मानसरोवर जयपुर का नाम पूरे राज्य में रौशन किया।

महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

प्रदेश की महिलाओं को दी विभिन्न सौगात

योजनाओं से लाभान्वित होकर महिलाएं होंगी सशक्त एवं समर्थ

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
नारी शक्ति का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम सबके जीवन में नारी शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। हर क्षेत्र में महिलाएं सफलता का परचम लहरा रही हैं। उनके सम्मान तथा गरिमा को बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य की डबल इंजन सरकार महिला सशक्तीकरण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

शर्मा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल रूप से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश की महिलाओं को कई सौगातें दी। उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं का वर्चुअल रूप से लोकार्पण तथा शुभारंभ कर विभिन्न वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केन्द्र सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 100 रुपए की छूट के निर्णय का स्वागत किया।

महिला उत्थान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी क्षेत्रों में महिला उत्थान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार का गठन होते ही हमने प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना के तहत गर्भवती और धात्री महिलाओं को दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 6500 रुपए की है। उनको निजी डायग्नोस्टिक सेंटर पर निःशुल्क सोनोग्राफी सुविधा देने के लिए 51 वाउचर योजना की शुरूआत की गई है। साथ हीए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के मानदेय में भी 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में एंटी रोमियो स्क्वर्वोड का गठन, 1024 पुलिस थानों में महिला डेस्क की स्थापना कर महिला पुलिसकर्मी की नियुक्ति ए वूमेन हेल्प डेस्क्स रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण तथा लाडली सुरक्षा योजना के तहत सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे की स्थापना जैसे फैसले किए गए हैं। हम महिलाओं की सुरक्षा तथा सशक्तीकरण के लिए मजबूती के साथ काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री के हर संकल्प को करेंगे साकार : मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला उत्थान के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उनके हर संकल्प को राज्य सरकार प्रतिबद्ध होकर साकार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर केन्द्र सरकार ने महिलाओं के हित में कई निर्णय लिए हैं। लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए संसद द्वारा ऐतिहासिक नारी शक्ति वन्दन अधिनियम पारित किया गया है। इस अधिनियम के प्रभावी होने के बाद महिलाओं को लोकसभा तथा विधानसभाओं में 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिलना सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री द्वारा बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, हर घर शौचालय योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे महिलाएं सशक्त हुई हैं तथा उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए हम बदलाव की शुरूआत अपने घर से करें, तभी समाज में बदलाव संभव होगा। उन्होंने कहा कि बेटों के समान बेटियों को भी महत्व देते हुए उनके सपनों को साकार करने में हमें अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेम चन्द बैरवा ने कहा कि विकसित भारत बनाने में महिला शक्ति का सक्रिय योगदान आवश्यक है तथा नारी सशक्तीकरण के लिए देश एवं प्रदेश में विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

महिलाओं को मिली ये सौगातें

1 राजीविका के तहत विभिन्न बैंकों द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 100 करोड़ रूपये का ऋण वितरण
2 महिला क्षैतिज उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत ऋण राशि के चैक वितरण
3 महिला शिविर मोबाइल ऐप की शुरूआत
4 कोटा, जयपुर, जोधपुर व बीकानेर में कॉलेज स्तरीय बालिका छात्रावासों का लोकार्पण
5 जोधपुर में 2 तथा सीकर में 1 मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह का लोकार्पण
6 फलौदी, भिवाड़ी एवं आमेर में वन स्टॉप सेन्टर का लोकार्पण
7 पुलवामा शहीदों की वीरांगनाओं को प्लेट आवंटन पत्र वितरण
8 काली बाई भील मेघावी छात्रा एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजनाओं के तहत स्कूटी वितरण तथा स्कूली छात्राओं को साईकिल वितरण
9 पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को चैक वितरण
10 मां - कार्ड योजना के तहत कार्ड वितरण
11 मां - वाउचर योजना का शुभारम्भ
12 प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना की लाभार्थियों को सहायता राशि के चैक
13 40 नवीन 108 एम्बुलेंस
14 महिला सुरक्षा के लिए डायल 112 तथा 1090 सेवा के तहत नए वाहन
15 प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की कतिपय वैज्ञानिक अधिकारियों और विधि अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण

प्रधानमंत्री मोदी के सपनों के भारत निर्माण में हम भी भागीदार : देवनानी

विवेकानुदान से 156 लोगों को बांटी 5 लाख से अधिक की राशि

परिष्कार पत्रिका जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कतार में अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। पिछले एक दशक में भारत ने नव निर्माण की नई ऊचाइयों को छुआ है। हम भी गरीब की सेवा को गणेश की सेवा मानकर काम कर रहे है। प्रत्येक कार्य का अन्तिम उद्देश्य आम आदमी को राहत प्रदान करना है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर जिले के फॉयसागर रोड़ स्थित हंस पेराडाईज समारोह स्थल पर विवेकानुदान कोटे के तहत 156 लोगों को प्रति व्यक्ति को 3 हजार 250 रूपए वितरित किए। यह राशि करीब 5 लाख रूपए से अधिक की है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि देश आज नई ऊचाईयों को छू रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आम आदमी को केन्द्र में मानकर योजना, लागू की जा रही है और जनहित के फैसले लिए जा रहे है। यह कार्य एक दशक में बहुत आगे बढ़ गया है। हम सब को भी इस भागीरथी प्रयास में सहयोग देना होगा। उन्होने कहा कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में भी आम आदमी की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि अजमेर शहर प्रत्येक दृष्टि से सुविकसित और सुव्यवस्थित बनें। सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन और विकास के अन्य आयामों को ध्यान में रखकर काम हो रहा है। आने वाले 5 साल में अजमेर राजस्थान के शहरों में सबसे अग्रणी कतार में होगा। देवनानी ने कहा कि विवेकानुदान कोटे में वास्तविक रूप से जरूरत मन्द लोगों को शामिल कर राशि वितरित की गई है। अजमेर के गरीब लोगों की भलाई के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के माध्यम से योजनाओं को लागू करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अजमेर का साईन्स पार्क शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इसी तरह अन्य विकास कार्य भी आम जन की आवश्यकता को ध्यान में रखकर करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर कई जन प्रतिनिधि एवं आम जन उपस्थित रहे।

परिष्कार परिवार के सदस्यों ने की डिप्टी सीएम से की खास मुलाकात

परिष्कार पत्रिका जयपुर। परिष्कार पत्रिका परिवार की प्रधान सम्पादक हेमलता किरार और संपादक रविसिंह किरार, अंशुल किरार ने उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेम चंद बैरवा से खास मुलाकात कर शुभकामनाएं दी और परिष्कार पत्रिका की सामाजिक सरोकारों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया।

इस अवसर पर सम्पादक रविसिंह किरार ने परिष्कार पत्रिका द्वारा प्रकाशित की जाने वाली स्मारिका के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने परिष्कार पत्रिका ने इस अंक का अवलोकन कर परिष्कार पत्रिका परिवार की टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका के सभी सदस्य मौजूद थे।

जयपुर विकास प्राधिकरण

जेडीसी ने कार्ययोजना बनाकर नियमानुसार एवं प्रभावी कार्यवाही करने के दिए निर्देश

अवैध अतिक्रमणों/निर्माणों पर समान रूप से करें कार्यवाही सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए बनाई जायेगी एसओपी



परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने जेडीए के चिंतन सभागार में प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों के साथ प्रवर्तन शाखा की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रवर्तन शाखा में अवैध अतिक्रमणों/ निर्माणों पर की गई कार्यवाहियों को प्रतिदिन अपडेट करने के निर्देश दिये। प्रवर्तन शाखा द्वारा साप्ताहिक एवं मासिक रूप से प्राथमिकता के आधार श्रेणीवार कार्ययोजना बनाकर अवैध अतिक्रमणों/निर्माणों पर कार्यवाही की जायें। अवैध निर्माणकर्ता द्वारा माननीय न्यायालय में प्रस्तुत शपथ पत्र के आधार पर सील खुलने के पश्चात प्रवर्तन शाखा द्वारा यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रस्तुत शपथ पत्र की अनुपालना की गई है या नहीं, के क्रम में निरंतर मॉनिटरिंग किये जाने के निर्देश दिये। जेडीसी ने निर्देश दिये कि अवैध अतिक्रमणों/निर्माणों के सभी प्रकरणों में पारदर्शिता के साथ कार्यवाही की जाये। बैठक में निर्देश दिये कि जेडीए की प्रवर्तन शाखा द्वारा अवैध अतिक्रमणों/निर्माणों करने पर जारी नोटिस के क्रम में तय समयावधि पश्चात नियमानुसार निरंतर मॉनिटरिंग कर कार्यवाही करें। बैठक में निर्देश दिये कि आपसी रंजिश की भावना से अगर शिकायतें प्राप्त होती है तो प्रवर्तन शाखा द्वारा मध्यस्तता ना करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जायें। प्रवर्तन शाखा द्वारा उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों की अनुपालना करते हुए अवैध अतिक्रमणों/ निर्माणों पर प्रभावी कार्यवाही पूर्णरूप से तय समयावधि में की जाये। बैठक में निर्देश दिये कि अवैध निर्माणकर्ता चाहे कोई भी हो, समान रूप से कार्यवाही अमल में लाई जाये। ट्रेफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालना में प्रवर्तन शाखा द्वारा निरंतर रूप से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रवर्तन शाखा को निर्देश दिये गये कि मुख्य सडकों पर अवैध तरीके से स्ट्रीट वेण्डर्स को बैठने नहीं दिया जाये। प्रवर्तन शाखा को निर्देश दिये कि सरकारी भूमियों पर अतिक्रमण हटाने हेतु जोनवार कार्यवाही के स्थान पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने हेतु एसओपी बनाई जाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाये। जिसमें दो टीम गठित की जाये, प्रत्येक टीम में लैंड बैंक शाखा से दो अमीन/ पटवारी प्रवर्तन शाखा के अधिकारी के साथ मिलकर कार्य करेंगे। जेडीए द्वारा अतिक्रमण मुक्त करवाई गई सरकारी भूमि पर तारबंदी एवं जेडीए संपदा बोर्ड लगाने के निर्देश दिये। जेडीसी द्वारा प्रवर्तन शाखा को निर्देश दिये कि अवैध अतिक्रमणों/ निर्माणों पर किसी भी तरह की कार्यवाही करने से पूर्व आवश्यक एवं ठोस साक्ष्य प्राप्त होने के पश्चात्ही नियमानुसार कार्यवाही करें।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बालिकाओं को दिया तोहफा

विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में शौचालय निर्माण, भवन मरम्मत व रखरखाव के कार्यों के लिए 250 करोड़ रूपए की वित्तीय स्वीकृति

परिष्कार पत्रिका जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए निरन्तर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार एक से बढ़कर एक सौगातें दे रही है, ताकि सभी बालिकाओं के लिए शिक्षा के बेहतर अवसर सुलभ हों। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के राजकीय शिक्षण संस्थानों में बालिकाओं के लिए शिक्षा और शिक्षण का बेहतर वातावरण तैयार किया जाना बहुत आवश्यक है। इसके लिए राजकीय शिक्षण संस्थानों में भवनों की मरम्मत, कक्षा-कक्ष निर्माण एवं बालिका टॉयलेट्स के निर्माण तथा विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित छात्रावास एवं आवासीय विद्यालयों में सुविधाओं के उन्नयन, मरम्मत व रखरखाव के लिए 250 करोड रुपए राशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

स्कूल बैग, किताबें और यूनिफार्म के लिए एक हजार रुपये प्रति वर्ष: उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों की बालिकाओं को संबल प्रदान करना तथा उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना एवं इसके लिए उचित वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की मंशा है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों की छात्र-छात्राएं विद्यालयों में हीन भावना से ग्रसित न हों तथा उन्हें शिक्षा हेतु आवश्यक स्कूल बैग, किताबें, यूनिफॉर्म उपलब्ध हो सके इस दृष्टि से राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से आठवीं तक के समस्त विद्यार्थियों तथा कक्षा 9 से 12वीं तक पढ़ने वाली समस्त छात्राओं को आगामी शैक्षणिक वर्ष से प्रति विद्यार्थी रूपए 1000 दिया जाएगा। इस हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अनुपम प्रयास के आधार पर लगभग 70 लाख विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

थकान कभी काम के कारण नहीं होती बल्कि चिंता, निराशा, भय और असंतोष के कारण होती है।

राजस्थान विश्व विद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अन्तर्गत दो दिवसीय शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

कुलपति अल्पना कटेजा ने शक्ति कार्यक्रम में किया महिला सहायक कर्मचारियों का सम्मान

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में 02 दिवसीय शक्ति कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ, इस कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्थान विश्वविद्यालय में कार्यरत एक वरिष्ठ महिला सहायक कर्मचारी नैना देवी मीणा द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा द्वारा की गयी। इस अवसर पर कुलपति ने कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय की सभी महिला सहायक कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित कर उन्हें पुष्प देकर सम्मानित किया।

महिला अध्ययन केन्द्र की निदेशक प्रो. कनिका वर्मा ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा की विषिष्ट सोच एवं समावेषी दृष्टिकोण के कारण इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय में कार्यरत वरिष्ठतम महिला सहायककर्मी नैना देवी मीणा को मुख्य अतिथी के रूप में आमंत्रित किया गया। विश्वविद्यालय में संभवतः पहली बार किसी महिला सहायक कर्मचारी को ऐसे विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथी बनाया गया है। अपनी पति की मृत्यू के बाद घरेलू महिला के दायित्वों के साथ अपने परिवारिक दायित्वों को निभाने वाली विश्वविद्यालय की इस सहायक कर्मचारी नैना देवी ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में भावुक होते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हे आजीवन याद रहेगा । इस अवसर पर बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय की पूर्व एवं कार्यरत् वरिष्ठ महिला शिक्षक, छात्राऐं भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने कहा कि महिला सशक्ति करण का उद्देष्य न केवल महिलाओं की समाज में भागिदारी सुनिश्चित करना ही है, अपितु उनको समाज में उचित सम्मान दिलवाने के साथ ही निर्णय में भागीदारिता सुनिश्चित करना भी है। इसी उद्देष्य को ध्यान में रखते हुए आज विश्वविद्यालय की नींव की मजबूत इकाई हमारी सेवा कर्मचारी संघों की महिलाओं को आमंत्रित कर सामाजिक दूरी के सभी भेदों को खत्म करने की दिशा में एक कदम उठाया है। कार्यक्रम

में विभिन्न महिला उद्यमी, छात्राओं, स्वयं सहायता समूह, समाज सेवा के प्रकल्पों में विभिन्न स्वेदशी नवाचारों को प्रदर्शित करते हुए प्रदर्शनी लगाई। जिसमे विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र, बैंक व शिक्षा क्षेत्र से सेवानिवृत्त अनेक महिलाओं ने समाज में परिवर्तन लाने के उद्देष्य से अपने अनेक नवाचार प्रदर्शनी के माध्यम से अवगत कराएं। इन नवाचारों में कचरे के प्रबंधन से उपयोगी सजावटी सामग्री बनाना, प्राकृतिक रंगों से रंगे परिधान, हस्तनिर्मित आभूषण, इको फ्रेंडली उत्पाद, मोटे अनाज युक्त खाद्य सामग्री, ध्यान से जुड़ी पुस्तके, परम्परागत स्वेदशी पेय प्रदार्थ आदि रहे। महिला स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देष्य से महात्मा गांधी हॉस्पिटल एवं केल्गिरी आई हॉस्पिटल द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर व स्वास्थ्य चर्चा आयोजित की गई। साथ ही काव्य पाठ का आयोजन किया जिसका विषय एक सुंदर दुनिया की हिमायत में स्त्री केंद्रीत स्वर रहा। उद्घाटन सत्र के अंत मे महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक प्रो. कनिका वर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यह केंद्र वर्ष 1980 से महिला सशक्तीकरण की दिशा में अवसर कार्य कर रहा है।

प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -

संपादक, परिष्कार पत्रिका,
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06 मो : 9314407796, 9351311820
GMail : parishkarpatrika@gmail.com
अधिक खबरों के लिए परिष्कार पत्रिका की वेबसाइट पर देखें
www.parishkarpatrika.com

रजि. नं. 403 स्थापित - 1996-1997
पारासर विल्डन पैराडाइज पब्लिक सी. सै. स्कूल
प्रवेश प्रारम्भ
विशेषताएं : श्रेष्ठ महीला, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साधनीक टेस्ट, कम्प्यूटर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, जैसा वातावरण सुविधा एवं शांत-सुन्दर, साधनीक भवन शान, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, समय समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।
17, पार्क व्यू कॉलोनी, एनबीसी स्टाफ क्वार्टर्स के पीछे, घाटीपुरा रोड़, जयपुर -6 राजस्थान
Mob. No. 9351451481, 7726857268
रामलाल पारासर, निदेशक

Sanjay Memorial Sr. Sec. School
17, Janta Nagar, Sodala, Jaipur Reg. No. : 248/81
8852009000, 9828030755
Admission Open
Play Group to XIIth
[Hindi/ English Medium]
इमरान अली, निदेशक
विशेषताएं : विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश, विज्ञान राम्प्यूटर एवं गृह विज्ञान की विशेष प्रयोगशाला, बोर्ड कक्षाओं में अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तैयारी, सभी नए प्रवेश लेने वाली विद्यार्थियों के लिए फ्री यूनीफॉर्म, स्पोर्टस विद्यार्थियों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए फीस में विशेष छूट

राजस्थान सरकार से स्वाई मान्यता प्राप्त
प्रकाश विध्या निकेतन सी.सै. स्कूल
संकाय- विज्ञान, कला एवं वाणिज्य
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक]
[हिन्दी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ
विशेषताएं : श्रेष्ठ महीला, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साधनीक टेस्ट, कम्प्यूटर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।
सिद्धार्थ सिंह चौहान
194, शांति नगर, एनबीसी रोड़, जयपुर 302006
मोबाईल नं. 9352495768, 7665252481

सम्पादकीय

आज के आधुनिक समय में हम अन्तरिक्ष में उड़ना सीख गए, समुद्र में तैरना सीख गए पर जमीन पर रहना भूल गए। हमने इमारतें बड़ी बना ली पर दिल छोटा कर लिया। हमने रास्तों का चौड़ीकरण कर दिया पर जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण को अति संकीर्ण बना दिया है। संबंधों को संभालना भी जीवन की एक बहुत बड़ी कला है। हमने साधन कई गुना बढ़ा लिए पर अपना मूल्य कम कर लिया। ज्यादा बोलना सीख लिया पर प्रिय बोलना छोड़ दिया। हम विचारों से तो समृद्ध हो गये पर आचरण से बड़े दरिद्र हो गये हैं। वर्तमान के इस भौतिक युग में प्रगति के साथ हमारी दुर्गति भी बहुत हुई है। नित्य भगवद् चिंतन और भगवदाश्रय से इस मानव जीवन को आनंदमय बनायें। अपने व्यक्तित्व में छिपी सरलता, सहजता और निश्छलता को प्रकट करें। आप के व्यवहार में जितनी सत्यता और स्वाभाविकता रहेगी आपका व्यक्तित्व उतना ही आकर्षक बनेगा। जीवन में श्रेष्ठता के सुमन शिखरों पर आरूढ़ होने के लिए सत्याचरण, विचार सम्पन्नता और चारित्रिक उच्चता नितान्त अपेक्षित है। सत्य हमेशा से ही निर्भय होता है, क्योंकि सत्य को किसी भी प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती। सम्बन्ध की दीर्घता में सत्य सरल सेतु है। सत्य स्वयं स्मृति में रहता है। झूठ को सदा स्मृति पटल पर रखना होता है। झूठ को जितनी बार दोहराते हैं उतनी बार उसका अर्थ बदलता जाता है। झूठ जटिलताएँ उत्पन्न करता है, जो मानसिक तनाव का कारण बनकर सरलता नष्ट करती है। सरलता के बिना सत्य का सानिध्य नहीं मिलता। सरलता-चिन्मयता के आगे अन्य सभी श्रेष्ठताये गौण हैं। मनुष्य के वास्तविक कल्याण के लिए सरलांग जीवन का कल्पवृक्ष है। अपने आप पर विश्वास रखने वाले ही इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में अपना नाम अंकित पर पाते हैं। अपने कार्यों को दूसरों के ऊपर टालने की प्रवृत्ति आपके स्वावलंबन को नष्ट कर देती है। आप जब-जब किसी काम को स्वयं ना कर दूसरों से अपेक्षा रखते हैं तब-तब आपकी कार्य क्षमता प्रभावित होती है और आप वो बनते से चूक जाते हैं, जो आप बन सकते थे। अपेक्षा यदि दूसरों से की जाती है तो वह कष्टदायी होती है और अपेक्षा यदि स्वयं से की जाती है तो वह प्रतिष्ठा बन जाती है। जगत में किसी का प्रेम कभी कम नहीं होता अपितु हमारी अपेक्षाएं अधिक हो जाती हैं। स्वयं की शक्ति का विस्मरण कर दूसरों से रखी गई अपेक्षा व्यक्ति के लिए सदैव घातक सिद्ध होती है। **तुम अपनी क्षमताओं पर विश्वास तो करो। याकई तुम साधारण नहीं, असाधारण हो।** जय हिन्द। जय भारत।।

वन्य जीव दिवस पर पार्क में कचरा नहीं फैलाने का दिया संदेश

परिष्कार पत्रिका जयपुर। लाल बहादुर शास्त्री पीजी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन विश्व वन्य जीव दिवस पर बायोलॉजिकल पार्क, नाहरगढ़ में किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने बायोलॉजिकल पार्क में प्लास्टिक को हटाते हुए एवं पोस्टर के माध्यम से विजिटर को पार्क में कचरा नहीं फैलाने का संदेश दिया। व श्रमदान किया। तत्पश्चात सभी के द्वारा बायोलॉजिकल पार्क का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर योगेन्द्र कुमार शर्मा और डॉक्टर मनजीत कुमारी द्वारा किया गया।

जेईसीआरसी के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का शिलान्यास समारोह

मेडिकल कॉलेजों का कार्य प्राथमिकता से पूरा कराएगी राज्य सरकार : मुख्यमंत्री

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी स्वीकृत सरकारी मेडिकल कॉलेजों का कार्य प्राथमिकता से पूरा करवाएगी, जिससे आमजन को अपने जिलों में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

शर्मा जयपुर स्थित जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल शिलान्यास समारोह को वर्चुअल रूप से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में 15 मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति जारी होने के बाद भी कार्य की गति धीमी रही और केन्द्र से प्राप्त राशि भी पूर्ण रूप से खर्च नहीं हो सकी।

बजट में किए स्वास्थ्य सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण निर्णय : मुख्यमंत्री ने कहा कि आरोग्य राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार द्वारा बजट में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में आईपीडी के साथ डे-केयर पैकेज जोड़ना, कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का ओपीडी में इलाज हाई-वे पर 25 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस उपलब्ध करवाना, समस्त माननेदयकर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि करना जैसे संवेदनशील निर्णय किए गए हैं। शर्मा ने कहा कि देश में वर्ष 2014 के बाद चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन आए हैं और आज मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 706 हो गई है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से हमारे देश ने कोविड का टीका विकसित कर 100 से अधिक देशों को वैक्सीन उपलब्ध करवाई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने जेईसीआरसी के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल शिलान्यास पीठिका का वर्चुअल रूप से लोकार्पण किया। कार्यक्रम में जेईसीआरसी फाउण्डेशन के अध्यक्ष ओपी अग्रवाल, उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल और अर्पित अग्रवाल सहित यूनिवर्सिटी के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

जीवन को सार्थक व अर्थपूर्ण बनाती है समाज सेवा : डॉ दौलतराम माल्या

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर सम्पन्न

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि समर्पण संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ दौलत राम माल्या ने कहा कि समाज सेवा ही जीवन को सार्थक व अर्थपूर्ण बनाती है। समाज व राष्ट्र की जिम्मेदारी निभाने का प्रशिक्षण राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में मिलता है।

डॉ माल्या ने स्वयंसेवकों को समर्पण संस्था द्वारा की जा रही सामाजिक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जो भी प्रकृति से मिला है उसे समाज के लिए समर्पित करने का प्रयास करना चाहिए। सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 27 फरवरी से 04 मार्च 2024 के दौरान किया गया। शिविर के प्रत्येक दिवस पर विविध गतिविधियों यथा साहित्यिक, योग व ध्यान, संस्थानिक श्रमण, मनोरंजक खेल, स्वच्छता व जागरूकता अभियान आदि का आयोजन किया गया। समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि हरिशंकर शर्मा, एसीपी ट्रैफिक पुलिस द्वारा सोशल पुलिसिंग के बारे में अवगत कराया गया तथा वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो भवानी शंकर शर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में स्वंयसेवकों को जिम्मेदारी अपने कर्तव्य पालन की प्रेरणा दी। इसके उपरांत विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम की सात दिवसीय गतिविधियों का प्रतिवेदन डॉ डीपी यादव ने प्रस्तुत किया। डॉ डीसी गहलोत ने मंच संचालन किया तथा अंत में डॉ पिंकी कुमारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी उप प्राचार्य, शिक्षकगण, कार्यक्रम अधिकारी डॉ शंकरलाल झन्झानीदिया तथा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

वन्य जीव दिवस पर पार्क में कचरा नहीं फैलाने का दिया संदेश

परिष्कार पत्रिका जयपुर। लाल बहादुर शास्त्री पीजी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन विश्व वन्य जीव दिवस पर बायोलॉजिकल पार्क, नाहरगढ़ में किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने बायोलॉजिकल पार्क में प्लास्टिक को हटाते हुए एवं पोस्टर के माध्यम से विजिटर को पार्क में कचरा नहीं फैलाने का संदेश दिया। व श्रमदान किया। तत्पश्चात सभी के द्वारा बायोलॉजिकल पार्क का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर योगेन्द्र कुमार शर्मा और डॉक्टर मनजीत कुमारी द्वारा किया गया।

उपभोक्ताओं की जागरूकता के लिए बनाया जाएगा मोबाइल ऐप

परिष्कार पत्रिका जयपुर। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत ने कहा कि अब उपभोक्ताओं के संरक्षण एवं जागरूकता के लिए मोबाइल ऐप बनाया जाएगा। इसके माध्यम से उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करने के साथ ही अपने अधिकारों के बारे में जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। प्रमुख शासन सचिव ने सचिवालय में उपभोक्ता मामले विभाग की संयुक्त बैठक में अधिकारियों को बताया कि 15 मार्च से विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इसके प्रचार की शुरुआत की जाएगी। उपभोक्ता के साथ किसी भी प्रकार का फ्रॉड नहीं हो इसकी जागरूकता के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला स्तर पर सेमिनार विचार एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः सात हजार, पांच हजार एवं तीन हजार रुपये पुरस्कार के रूप में दिये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने विद्युत वितरण निगम की फास्ट रेक्टिफिकेशन टीम के वाहनों पर जागरूकता संबंधी संदेश व स्लोगन लिखवाये जाने एवं राज्य के चयनित 25 राजकीय महाविद्यालयों के उपभोक्ता क्लबों को उपभोक्ता जागरूकता हेतु 20 हजार रुपये प्रति क्लब आवंटित करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में किसी भी न्यायालय द्वारा दोषी पाए गए मिलावटखोर एवं धोखाधड़ी करने वाले दुकानदारों की दुकान के बाहर उनकी फोटो सहित दोष का बोर्ड बनवाकर जिला कलक्टर के माध्यम से लगवाया जाएगा ताकि आम उपभोक्ता इस जानकारी से जागरूक एवं लाभान्वित हो सके।

श्रीधरी दीदी ने वाटर कूलर भेंट कर विद्यार्थियों को सामग्री वितरित की

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जगद्गुरु कृपालु महाराज की शिष्या श्रीधरी दीदी की अध्यक्षता में संचालित राधागोविन्द पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर द्वारा नेवटा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए एक वाटर कूलर भेंट किया गया एवं 440 विद्यार्थियों को पानी की वैक्यूम बोतल, स्टेशनरी किट, एवं बिस्कुट चॉकलेट इत्यादि बाँटी गयी। सचिव शरद गुप्ता ने बताया कि श्रीधरी दीदी ने नेवटा स्थित इस विद्यालय में शिक्षकों एवं बच्चों संग फूलों की होली भी खेली एवं आगामी परीक्षाओं के लिए बच्चों को सम्बोधित करते हुए उनका मनोबल भी बढ़ाया। इस स्कूल की प्रिंसिपल मिनेश चौधरी एवं अन्य शिक्षकों, स्टाफ द्वारा कार्यक्रम को सफल एवं सुचारु रूप से संपन्न करने में ट्रस्ट कार्मियों को भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। सभी विद्यार्थी वाटर बोतल, स्टेशनरी किट, चॉकलेट, बिस्कुट इत्यादि ग्रहण करके एवं विद्यालय में वाटर कूलर लगने की खुशी में फूले नहीं समा रहे थे।

जयपुर में एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

गर्भवती महिलाओं व किशोरियों की हुई एनीमिया की जांच



परिष्कार पत्रिका जयपुर। एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं और किशोरियों की एनीमिया की जाँच कर उपचार दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ हंसराज भदालिया ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 06 मार्च के उपलक्ष्य में 01 मार्च से 09 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन्हीं गतिविधियों के क्रम में गुरुवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों पर एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं और किशोरियों की एनीमिया की जाँच कर उपचार दिया गया। इसके साथ ही चिकित्सा स्टॉफ ने उन्हें पर्याप्त व उचित पोषण के विषय में जानकारी प्रदान की और नियमित रूप से पोषणयुक्त खानपान लेने के प्रति जागरूक किया।

आशा सहयोगिनियों को सरकार की योजनाओं के प्रति किया जागरूक

परिष्कार पत्रिका जयपुर। महिला दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्यअधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ हंसराज भदालिया के निर्देशन में एएनएम प्रशिक्षण केंद्र, हीराबाग, जयपुर में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आशा सहयोगिनियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यशाला में चक्राओं द्वारा पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई। अधिनियम के तहत भ्रूण लिंग परीक्षण करना या करवाना अथवा सहयोग करना या विज्ञापन करना कानून अपराध होता है। भ्रूण लिंग परीक्षण संबंधी सूचना टोल फ्री नंबर 104 या 108 या व्हाट्सएप नंबर 9799997795 पर दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त प्रतिभागी आशा सहयोगिनियों को राजश्री योजना, मुखबिर योजना, बालिका सम्बल योजना और उड़ान योजना के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में उपरोक्त योजनाओं के विषय मे प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया और विजेता आशाओं को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी रिचा सारस्वत और जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक मनीषा शर्मा समेत कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष देवनानी ने रखी साइंस पार्क की आधारशिला

अब 28 करोड़ की लागत से बनेगा, पर्यटन और रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

परिष्कार पत्रिका अजमेर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर के विकास में एक नए अध्याय की शुरुआत की। उन्होंने पंचशील में साइंस पार्क और इसकी चारदीवारी की आधारशिला रखी। खास बात यह है कि अजमेर के साइंस पार्क को एक दर्जा बढ़ा कर रोड दो का कर दिया गया है। अब इसके निर्माण पर करीब 28 करोड़ रूपए खर्च होंगे। इसमें तारामंडल सहित कई खासियतें होंगी। पंचशील में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर को साइंस पार्क की बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि यह साइंस पार्क अजमेर के भविष्य की नींव है। वर्तमान युग विज्ञान का युग है। बच्चों को साइंस से जुड़ी जानकारियों में पूर्णतः अपडेट रहना चाहिए अजमेर के विद्यार्थियों और बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए यह साइंस पार्क नई जानकारियों का एक पूरा जहां खोलेगा। यहां साइंस से जुड़ी जिज्ञासाओं को समाधान होगा। बच्चों अपने आपको एक नई जानकारी से रूबरू पाएंगे।

देवनानी ने कहा कि अजमेर का साइंस पार्क पर्यटन और रोजगार की दृष्टि से भी नई राह खोलेगा। यहां आने वाले पर्यटक होटल, परिवहन और खाद्य पदार्थों के व्यापार के लिए नए अवसर बनाएंगे। यह स्कूलों में भी एक नई सोच को बढ़ावा देगा। देवनानी ने कहा कि अजमेर का साइंस पार्क कई तरह से अनूठा होगा। इसमें एक ऑडिटोरियम, एक साइंस एक्टीविटी लैब, गार्डन, प्रशासनिक भवन, आउटडोर मॉडल, मॉडल डवलपमेंट लैब और एक्टीविटी एरिया भी होगा। उन्होंने बताया कि अजमेर साइंस पार्क में विभिन्न सुविधाओं के साथ तारामंडल भी होगा। यानि यहां आने वाले पर्यटक और बच्चे गेलेक्सी का नजारा भी देख सकेंगे। तारामंडल के कारण पार्क की लागत 15.20 करोड़ रूपये से बढ़कर 28 करोड़ रूपये होने जा रही है। इसके साथ ही अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा यहां चारदीवारी का निर्माण भी करवाया जा रहा है। 28 करोड़ से ज्यादा की लागत से दो चरणों में बनकर तैयार होने वाले साइंस पार्क का आकार 20 हजार वर्गमीटर है।

अजमेर में बनने वाला साइंस पार्क पश्चिमी भारत में सबसे आधुनिक होगा। यहां विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण व सोच जगाने के लिए कई आयाम स्थापित किए जाएंगे। साइंस पार्क में एक क्रिएटिविटी जोन बनेगा, जहां विद्यार्थी अपनी विज्ञान सोच और क्षमता को विकसित कर सकेंगे। इसमें थीम बेस पार्क, फन साइंस पार्क, आउटडोर साइंस पार्क, तारामण्डल, एक्जीबिट लैब सहित अन्य खासियतें भी होंगी। भौतिक और गणित से जुड़े विभिन्न मॉडल्स भी प्रदर्शित होंगे। भवन को भारतीय स्थापत्य शैलियों के अनुसार डिजाइन किया जा रहा है।

भांकरोटा में फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन

शिविर में रजिस्ट्रेशन के 60 आवेदन प्राप्त

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही 100 दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर के निर्देश पर बुधवार को गणेश मंदिर, मुकुंदपुरा, भांकरोटा, जयपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ हंसराज भदालिया की ओर से फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भोजन और खाद्य सामग्री के व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाकर वितरित किए गए। शिविर में रजिस्ट्रेशन के 60 आवेदन प्राप्त हुए, जिनसे लगभग 30,000 रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई।

शिविर में आए हुए व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 में निहित प्रावधानों एवं उपबंधों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि बिना लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन खाद्य सामग्री और भोजन बेचना गैर कानूनी है। उन्हें सुरक्षित व स्वच्छ खाद्य निर्माण के लिए फोस्टैक ट्रेनिंग की गई। अन्न मोटे अनाज के महत्व के बारे में बताया गया और अंगदान के लिए प्रेरित करके शपथ दिलवाई गई। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद्र यादव एवं अवधेश गुप्ता, कंप्यूटर सहायक विष्णु शर्मा व बबलू स्वामी ने भाग लिया।

सुख, आनन्द और प्रसन्नता का विज्ञान है नैतिकता : प्रो बीएम शर्मा

परिष्कार पत्रिका लाडनूं। इंडियन कौंसिल ऑफ फिलोसोफिकल रिसर्च आईसीपीआर नई दिल्ली के सौजन्य से वैथीकरण की नैतिकता विषय पर आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय व्याख्यान के दूसरे दिवस मुख्य वक्ता आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष प्रो बीएम शर्मा ने कहा है कि नैतिकता के चारों और समस्त चीजें घूमती हैं, लेकिन आज नैतिकता की ही कमी नजर आ रही है। लोकसेवाओं में नैतिकता के पेपर को अनिवार्य बनाया गया है। आईपीएस और आरएएस के लिए यह जरूरी है कि वे समाज के नैतिकता को कैसे कायम रख पाएं। उन्होंने बताया कि नैतिकता दर्शनशास्त्र का विषय है, लेकिन यह एक विज्ञान भी है। सामाजिक विज्ञान में आदर्श मूलक व्यवस्था नैतिकता के बूते पर ही संभव है। नैतिकता आदर्श समाज व आदर्श राजनीति के लिए आवश्यक है। हमें इसके लिए अपने मूल्यों, संस्कृति व धर्म की रक्षा करनी होगी, तभी स्थिति में सुधार हो पाएगा। उन्होंने ग्लोबाईजेशन के प्रभावों को बताते हुए उसके दुष्परिणाम भी गिनाए और कहा कि बदलते और वैश्विक बनते रहन-सहन, ब्रांडेड वस्त्रों, एक जैसी सोच आदि वैश्विकरण का परिणाम है। लेकिन, विकृत होते समाज, विखंडित होते परिवार, क्षीण होती मर्यादाओं और अनिर्णय की स्थिति में परस्पर सम्मान और एक दूसरे की प्रगति में सहभागी बनने की नीति को नैतिकता के बूते पर ही हासिल किया जा सकता है। नैतिकता सुख, आनन्द और प्रसन्नता का विज्ञान है।

ग्लोबाईजेशन से सुविधाओं के साथ मुश्किलें भी बढी : उन्होंने अपने व्याख्यान में राष्ट्रों की सम्प्रभुता भी वैथीकरण के दौर में नष्टप्रायः होने की ओर संकेत किया और बताया कि आज जी-7, जी-20, आईएमएफ, यूएनओ आदि के प्रभाव में राष्ट्रों की नीतियां बनने लगी हैं। आज राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक बन गई है। ग्लोबाईजेशन से सुविधाएं बढी हैं, तो मुश्किलें भी पैदा हुई हैं। युवाओं को शिक्षा, संगठन व प्रतिबद्धता की सीख दिए जाने से ही देश की उन्नति संभव है। हमारे युवाओं को देश के विकास में काम किया जा सके, इसकी नीति देश के लिए तैयार होनी चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर जैन विश्वभारती संस्थान की सराहना की और इसे नैतिकता के लिए अपनी तरह से काम करने वाला एकमात्र संस्थान बताया और कहा कि राजस्थान में सबसे अधिक विश्वविद्यालय हैं और कालेजों की संख्या में भी राजस्थान चौथे नम्बर पर है, लेकिन इन सबके बीच यह संस्थान तपस्वी मुनियों-आचार्यों के अनुशासन में इस क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहा है।

नैतिकता में है समस्त समस्याओं का समाधान : कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जैविभा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बच्छराज दूगड़ ने कहा कि मानवीय सम्बंधों की विशंगतियों का समाधान ढूंढना ही एप्लाइड एथिक्स है। वैश्विक सम्बंधों में इस विषय का प्रादुर्भाव हुआ है और इसमें एथिक्स के अनेक विषय सामने आए हैं। आज ग्लोबल वीलेज और ग्लोबल सोसायटी की स्थिति साकार हुई है। विश्व के एक परिवार के रूप में सामने आने से हम दुनिया के किसी भी हिस्से में घटने वाली घटना से आहते नहीं रह सकते। यह ग्लोबल इफेक्ट है कि कहीं एक पत्ता भी टूटता है, तो उसका प्रभाव हम पर होता है। उन्होंने ग्लोबाईजेशन के दुष्परिणाम भी बताए और कहा कि परिवार और वैवाहिक स्थितियों तक में बदलाव आ गया है। इस सारे प्रभाव को रोकने का काम एथिक्स करता है। नैतिकता ही समस्याओं का समाधान कर सकती है, हमारा आचरण सबके लिए स्वीकार्य बने, हम युद्ध की स्थिति से बच सके, यह सब नैतिकता द्वारा ही संभव है। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन और ऐंधर्या व समूह के स्वागत गीत से किया गया। प्रारम्भ में रजिस्ट्रार प्रो बीएल जैन ने अतिथि परिचय व स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। अंत में डा गिरधारीलाल शर्मा ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक डा अमित जैन ने किया। कार्यक्रम में प्रो आनन्द प्रकाश त्रिपाठी, प्रो विमलेन्द्र जैन प्रो रेखा तिवाड़ी, डा रामदेव साहु, डा प्रगति भटनागर, डॉ आभासिंह, बैता खटेड़, डॉ पद्मसिंह शेखावत, डॉ रविन्द्र सिंह राठौड़, डॉ जेपी सिंह, डॉ आभासिंह, डॉ विनोद कच्चं, डॉ बलवीर सिंह, डॉ सत्यनारायण भारद्वाज, जगदीश यादवर आदि एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।

परिष्कार मैरिज ब्यूरो

वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः रुदरुक, डाबला, कायथा। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः झरकाण, पवेराबाल, महलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः किशर, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीयॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः निर्वाण, मोर्वा, कायथा। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः सीलण, हर्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है देवली में स्वयं की ई-मित्र शॉप एवं प्रिंटिंग वर्क इन मेटल मार्किंग मशीन 29 वर्षीय एमकॉम लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः महलोत, हर्रा, कायथा। पो.बा. 601/24, सम्पर्क करें 9314407796 या 9928428368 देखें वेब साईट www. siddscreation.com

---

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः डाबला, किशर, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः

वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एडीवेन्सर साईंटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोबः रावयव, तुगरिया, मावर। पो.बॉ. 525, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोबः किशाड़, इन्दौरा, दैतण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोबः मावर, डाबला, महलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः डाबला, किशड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोबः बनगवाल, मोरवाल, तुर्किया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोबः इन्दौरा, कटारिया, तुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोबः तुगरिया, मावर, डाबला, अटकाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 32 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोबः किशर, डाबला, सीलण पो.बॉ. बी-1 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोबः निर्वाण, बावलिया, हर्रा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

राज्यपाल ने बाल यौन अपराधों के कारण और रोकथाम अध्ययन से जुड़ी और सुशासन के लिए भ्रष्टाचार उन्मूलन संबंधी पुस्तकों का किया लोकार्पण

बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के लिए जागरूकता के साथ सुशासन के लिए हो कार्य : राज्यपाल

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने राजभवन में सरकार पटेल्स सुरक्षा एवं दांडिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर की यूनिसेफ द्वारा प्रायोजित राजस्थान पुलिस अधिकारियों के शोध अध्ययन आधारित पुस्तक बालिकाओं के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों के कारण एवं रोकथाम और विश्वविद्यालय के काउंटर करप्शन केंद्र द्वारा प्रकाशित सुशासन के अंतर्गत भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान से संबंधित संपादित पुस्तक का लोकार्पण किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के वैधानिक नियमों, नीतियों और कानून के संबंध में जागरूकता के साथ ही सुशासन के लिए भ्रष्टाचार की प्रभावी रोकथाम करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने का आह्वान किया। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि बाल यौन अपराध समाज विकास का बड़ा अवरोध है। उन्होंने ऐसे अपराधों को रोके जाने के लिए कारगर और प्रभावी प्रयास किए जाने पर जोर दिया। मिश्र ने बच्चों का संरक्षण कानून पोक्सो की चर्चा करते हुए कहा कि बाल यौन अपराधों के संबंध में सजा के लिए स्पेशल कोर्ट की भी व्यवस्था है। ऐसे अपराधों पर त्वरित और प्रभावी कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों को भी असामान्य व्यवहार के प्रति सजग रहने के लिये प्रेरित करने, इंटरनेट, मोबाइल, सोशल मीडिया के अश्लील सामग्री को भी यथासंभव प्रतिबंधित किए जाने आदि पर जोर दिया। उन्होंने सुशासन के साथ भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए भी सबको मिलकर कार्य किए जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ मंजू बाघमार और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने दोनों ही पुस्तकों के अंतर्गत हुए अध्ययन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने राज्यपाल द्वारा संविधान संस्कृति के लिए किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की। पुलिस विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आलोक त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय द्वारा पुलिस शोध और अनुसंधान के तहत किए जा रहे कार्यों और प्रकाशनों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सुबीर कुमार राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल, पुलिस महानिदेशक यूआर साहू पुलिस महानिदेशक जेल भूपेंद्र दक सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और विश्वविद्यालय के आचार्य तथा अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

महिला और बाल विकास के लिए मजबूती से उठाए जा रहे है कदम : दिया कुमारी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं का सशक्तीकरण करने और बालकों के स्वस्थ, सुपोषित और शिक्षित भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इस हेतु राज्य सरकार की ओर से कई महत्वपूर्ण कदम मजबूती से उठाए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य सरकार की ओर से 8 मार्च को महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सौगात देने के साथ ही पुरातत्व विभाग के तहत स्मारक एवं संग्रहालय में महिलाओं तथा बालिकाओं को निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। महिलाओं द्वारा 8 मार्च को की जाने वाली निःशुल्क बस यात्रा पर खर्च होने वाली राशि का पुनर्भरण वित्त विभाग की ओर से किया जाएगा। इसी प्रकार पुलिस भर्ती में महिलाओं के आरक्षण को 30 प्रतिशत से बढ़ा कर 33 प्रतिशत करने की स्वीकृति वित्त विभाग की ओर से कर दी गई है।

दस हजार स्कूटी वितरण को स्वीकृति : महिलाओं एवं बालिकाओं को सबल और सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। बालिकाएं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें इसके लिए उच्च शिक्षा में पढ़ने वाली बालिकाओं को दस हजार स्कूटी वितरित करने की स्वीकृति भी दी गई है।

लाडो प्रोत्साहन योजना : लाडो प्रोत्साहन योजना के माध्यम से अब प्रदेश में बालिकाओं को जन्म से ही आर्थिक संबल मिलेगा। जिससे उनको स्वस्थ्य सुरक्षित्र शिक्षित विकास के समुचित अवसर मिल सकें। लाडो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत बालिका का जन्म होने पर उसे एक लाख रुपए का सेविंग बॉन्ड दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना में दी जाने वाली राशि में बढ़ोतरी को स्वीकृति : प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना में अब तक दी जा रही रू 5000 की राशि में रू 1500 की बढ़ोतरी की गई है। अब इस राशि को रू 6500 कर दिया गया है।

प्ले स्कूल जैसे विकसित होकर 365 आंगनबाडी बनेंगी आदर्श आंगनबाड़ी : निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं के अंतर्गत राज्य के 365 सामन्य आंगनबाड़ियों को प्ले स्कूल के जैसे विकसित कर आदर्श आंगनबाड़ी बनाने के लिए वित्तीय स्वीकृति दे दी गई है। उक्त आदर्श आंगनबाड़ियों में प्ले स्कूल जैसी समस्त आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रत्येक आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र के निर्माण पर लगभग 5 लाख रुपये व्यय किया जाएगा।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और साथिनों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की स्वीकृति : आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और साथिनों के मानदेय में भी 10 प्रतिशत की वृद्धि की स्वीकृति दी गई है। बढ़ा हुआ 10 प्रतिशत मानदेय अप्रैल माह से शुरू हो रहे वित्तीय वर्ष में मिलना शुरू हो जाएगा।

अविवाहित महिलाएं बन सकेंगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका : राज्य में पहली बार ऐतिहासिक निर्णय लिया जाकर आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अविवाहित महिलाओं के लिए भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका बनने का रास्ता खोलते हुए सभी विवाहित एवं अविवाहित महिलाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के मानदेय सेवा के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन कर सकेंगी।

6204 नियमित आंगनबाड़ी क्रमोन्नत : महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत समेकित बाल विकास सेवाएं के सुदृढ़ीकरण के लिए 6204 नियमित आंगनबाड़ियों को कमोन्नत कर मुख्य आंगनबाड़ी बनाए जाने की स्वीकृति दी गई है। इससे प्रदेश में माँ और बच्चों को राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ बेहतर तरीके से मिल सकेगा।

आंगनबाड़ी सहायिकाओं की होगी भर्ती : उक्त कमोन्नत आंगनबाड़ियों पर 6204 आंगनबाड़ी सहायिकाओं की मानदेय सेवा में भर्ती प्रक्रिया शुरू करने को मंजूरी दी गई है।

साथिनों को अनुभव में वरीयता : राज्य में जो साथिन 2 वर्ष की कार्य निरंतरता का अनुभव रखती हैं उन्हें भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका हेतु आवेदन करने पर अनुभव में वरीयता दिये जाने की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए उन्हें बोनस में चार अंक दिए जाएंगे, जिससे मानदेय सेवा में उनका चयनित होना और आसान होगा।

क्रमोन्नत आंगनबाड़ी 1 मार्च से संचालित : उक्त कमोन्नत आंगनबाड़ियों को 1 मार्च 2024 से शुरू कर दिया गया है।

3 साल में 11 लाख बनेंगी लखपति दीदी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्ति करण के लिए देश में चल रहीं लखपति दीदी योजना के अंतर्गत प्रदेश में कार्यरत स्वयं सहायता समूहों में से दो लाख 80 महिलाएं एवं उनके परिवार रू 1 लाख से अधिक की वार्षिक आमदनी कर रहे हैं। इस योजना को गति प्रदान करते हुए आगामी 3 वर्षों में 11 लाख परिवारों की आय को रू 1 लाख वार्षिक तक बढ़ाने के कार्य किया जा रहा है।

महिला सुरक्षा को प्राथमिकता : राज्य सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। राज्य के 1024 पुलिस थानों में महिला डेस्क की स्थापना की गई है। प्रत्येक जिले में एंटी रोमियो स्क्वाड का गठन किया गया है। लाडली सुरक्षा योजना के तहत महिलाओं के विरुद्ध होने वाली छेड़छाड़ की रोकथाम और अपराधों की रोकथाम के लिए राज्य के प्रत्येक जिले में सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत बालिकाओं को सेल्फडिफेंस का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

आपके लिए.....

प्रेरणा-सूत्र



डेंजिल नाजरथ
न्यूज कॉर्डिनेटर परिष्कार न्यूज एवं नेशनल मोटिवेशनल स्पीकर

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जिंदगी कहती है कि जब चारों तरफपरेशानियों से घिरे हों, सभी तरफके रास्ते बंद दिखाई दे और अंधकार नजर आने लगे तो परमात्मा पर भरोसा रखें। षाधद बाहर जबरदस्त तूफान है जिसमें ईश्वर तुम्हें बंद कर बचाना चाहता हैं।

:: जिंदगी कहती है कि कम बोलना, धीरे बोलना, मधुर बोलना, जरूरत पर बोलना और जरूरत का बोलना अपने आपको ऊर्जावान, सार्थक और सद्विशेषी बनाए रखने के आकप्यक तत्व हैं।

:: जिंदगी कहती है कि रिश्तों में हटधर्मिता जब चरम पर हो तो गांठ पड़ना स्वाभाविक है, गांठ अगर पड़ जाए तो स्वयं ही गांठ खोल, दूसरे तो गांठ को और जटिल कर देंगे, फिर वह कभी खुलेगी ही नहीं।

:: जिंदगी कहती है कि प्रभु कभी किसी का भाग्य नहीं लिखते हैं, प्रभु तो उन लोगों का साक्षात गवाह बनते हैं जो सद्कर्म और ईमानदारी से अपना भाग्य लिखते हैं।

:: जिंदगी कहती है कि कोई किसी को छोड़कर पछताता है तो कोई किसी को जोड़कर पछताता है ये दोनों ही स्थितयां अविवेकशीलता के कारण होती है, सही के आंकलन के लिए आपके पास विवेक जैसी अलमोल विरासत है।

:: जिंदगी कहती है कि बदले की भावना से आप कभी नहीं बदलेंगे, खुद में सकारात्मक बदलाव ही आपको बदलेगा एक इंसान के रूप में। इसलिए बदला नहीं स्वयं से बदलाव करें।

दवाईयां जो केमिस्ट के पास नहीं मिलती लेकिन अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी

परिष्कार पत्रिका जयपुर।

कुछ ऐसी दवायें भी होती हैं, जिनके उपयोग से बीमारियाँ भी नहीं होती और स्वस्थ रह पाते हैं। ये दवाईयां केमिस्ट के पास नहीं मिलती लेकिन अच्छे स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है।

1 कसरत भी एक दवाई हैं।
2 सुबह-शाम घूमना भी एक दवाई है ।
3 व्रत रखना भी एक दवाई हैं।
4 परिवार के साथ भोजन करना भी एक दवाई है।
5 हँसी मज़ाक करना भी एक दवाई है।
6 गहरी नींद भी एक दवाई है।
7 अपनों के संग वक्त बिताना भी एक दवाई है।
8 खुश रहना भी एक दवाई है।
9 कुछ मामलों में चुप रहना भी एक दवाई है।
10 लोगों का सहयोग करना भी एक दवाई है।
11 और एक अच्छा दोस्त तो पूरी की पूरी दवाई की दुकान है।

नोट : हम दवाई बताने की फीस नहीं लेते, आपकी खुशी आपकी मुस्कुराहट ही हमारी फीस है - **अंशुल किरार**

गृहणी की तबियत बिगड़ने पर, घर जैसे ठहर जाता है

परिष्कार पत्रिका जयपुर।

जिस रोज
गृहिणी की
तबीयत बिगड़ जाती है
उस रोज
घर जैसे ठहर जाता है
रसोई
उदास हो जाती है
दीवारें
खामोश हो जाती हैं
ना कोई संवाद
ना कोई हंसी मज़ाक
क्योंकि घर की रौनक
गृहिणी से ही होती है
वही तो है
जो रसोई से बतियाती है
वही तो है
जो आती जाती
दीवारों से संवाद करती है
घर का हर कोना
उसे पहचानता है
और गृहिणी
घर के
हर कोने से परिचित
सच तो ये है कि
घर की तंदरुस्ती के लिए
गृहिणी को
बीमार होने का
हक ही नहीं होता। **पीपी**

फार्म-4

(नियम 8 देखिए)

समाचार पत्र परिष्कार पत्रिका, पाक्षिक

1. प्रकाशन का स्थान : जयपुर
2. प्रकाशन की अवधि : पाक्षिक
3. मुद्रक का नाम : रवि सिंह किरार
(क्या भारत का नागरिक है) : हां
(यदि विदेशी है तो मूलदेश) : नहीं
पता : 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर
4. प्रकाशक का नाम : रवि सिंह किरार
(क्या भारत का नागरिक है) : हां
(यदि विदेशी है तो मूलदेश) : नहीं
पता : 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर
5. सम्पादक का नाम : रवि सिंह किरार
(क्या भारत का नागरिक है) : हां
(यदि विदेशी है तो मूलदेश) : नहीं
पता : 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हो
पता : हेमलता किरार
पता : 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर

मैं रवि सिंह किरार एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

रवि सिंह किरार
प्रकाशक के हस्ताक्षर

दिनांक: 8 मार्च 2024

महिला वंदन समारोह का आयोजन

स्वच्छता सैनानियों व प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

समाज के उत्थान में महिलाओं का अहम योगदान : विधानसभा अध्यक्ष

परिष्कार पत्रिका अजमेर। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अजमेर नगर निगम की ओर से महिला वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने के कार्यक्रम में पीएम आवास के लाभार्थियों, पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों को किया चैक वितरण तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं व व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र वितरण किया।

नगर निगम अजमेर द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला वंदन समारोह का आयोजन महापौर ब्रजलता हाडा की अध्यक्षता में डॉ भीमराव अम्बेडकर सभागार जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर में किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत लाभार्थियों को एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अन्तर्गत लाभार्थियों को अनुदान राशि का चैक वितरित किये गये। मुख्य अतिथियों द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न संघो, समीतियों, संस्थाओं, स्कूलों व व्यक्तियों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विजेताओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए। जिला कलक्टर व नगर निगम आयुक्त द्वारा स्वच्छता सैनानियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। गोपाल बंजारा पार्टी द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वासुदेव देवनानी ने कहा कि ये हम सब का अजमेर है, इसे स्वच्छ रखने का दायित्व हमारा है। स्वच्छता में महिलाओं का सबसे बड़ा योगदान होता है। महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी वंदन करना हमारा सौभाग्य है। भारत में भी सर्वप्रथम नारी को ही पूजा जाता है। भारत में नारी का बहुत अधिक महत्व है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की महिलाओं की पीड़ा को समझा और महिलाओं के लिए काफी योजानाएं प्रारम्भ की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि महिला दिवस पर नारी शक्ति को वंदन करता हूँ। हमारे देश की राष्ट्रपति भी महिला है। हमारे देश में कोई भी कार्य नारी के बिना संभव नहीं है। हमारे देश की महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में नये-नये आयाम स्थापित कर रही है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। आज हमारे देश में महिलाओं का सम्मान व महिलाओं का विकास माननीय प्रधानमंत्री द्वारा लगातार किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, जल संसाधन केबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत, अजमेर सांसद भगीरथ चौधरी, जिला कलक्टर डॉ भारती दीक्षित, स्वच्छता सैनानी व लाभार्थी उपस्थित थे।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के दुर्गा रूपी हाथ किसी भी कंपनी के उत्पादों को पछाड़ देंगे

सरस राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले का शुभारंभ

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद राजीविका ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 8 से 18 मार्च तक सवाई माधोपुर स्थित इन्दिरा मैदान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सरस क्राफ्ट मेला-2024 का शुभारम्भ कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीना ने फीता काटकर किया।

कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री ने कहा कि सरस राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में बने उत्पाद दुर्गा शक्ति के हाथ से बने वह सामान है जो किसी भी कंपनी के बने उत्पाद को पछाड़ सकते हैं। उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार की प्रबल इच्छा है कि गांव में रहने वाली महिलाएं अपने हुनर का प्रदर्शन करें अपने स्वयं के उत्पादों से समृद्धि प्राप्त कर स्वावलंबी तथा आत्मनिर्भर बने। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित महिलाओं से आग्रह किया कि वे 21 राज्यों के उत्पादों का निरीक्षण कर उनसे इस कला को सीखे और सवाई माधोपुर की महिलाओं को भी यह हुनर सीखकर यहां पर भी इसी प्रकार के उत्पादों का निर्माण कर यहां की महिलाओं को भी सशक्त करें। इस दौरान उन्होंने राजीविका के 23 सीएलएफ निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। इस दौरान कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री ने मेले में सजाई गई विभिन्न स्टाल्स पर जाकर प्रदर्शित उत्पादों का अवलोकन किया एवं महिला सदस्यों से उत्पादों के बारे में संवाद किया।

इस शुभ अवसर पर माननीय मंत्री के साथ विभाग के अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण शामिल हुएए माह मार्च में आयोजित होने वाले इस सरस मेले में शरद ऋतु एवं बसंत ऋतु का सामंजस भरा वातावरण देखने को मिलता है, लोगों के द्वारा इस मेले में ग्रामीण उत्पादों के लिए स्वाता उत्साह देखा जा रहा है। फूड कोर्ट में विभिन्न राज्यों की महिलाओं द्वारा अपने-अपने राज्यों के विशेष स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जा रहे हैं, जिसका लुत्फ आने वाले आगंतुक बड़े शौक से उठाते हैं।

सौन्दर्यता से ओत-प्रोत भिन्न-भिन्न राज्यों की संस्कृति, परिधान, भाषा एवं पारंपरिक उत्पाद जैसे ब्लैक पॉटरी, कोटा डोरिया, लाख की चूड़ियां, लहसुन चटनी, अचार, नमकीन, पापड़, बलू पॉटरी, जूट के उत्पाद, सांगानेरी प्रिंट, केर सांगरी, कसूरी मेथी, पेपर प्रोडक्ट, सॉफ्ट टॉयज एवं राजस्थानी जूतियां मुख्य रूप से राजस्थानी स्टॉल्स पर आकर्षण का केंद्र है। ठीक उसी प्रकार से उत्तर प्रदेश से बनारसी साड़ियां, मध्य प्रदेश से हल्दी एवं शहद प्रोडक्ट, बिहार की लहठी चूड़ियां, सीप ज्वेलरी, नागालैंड से टोकरियां एवं जेवरात, पंजाब से फुलकारी, उत्तराखंड से ऊनी वस्त्र, महाराष्ट्र की नाणपुरी साड़ियाँ, एवं शीप में बने उत्पाद को एक मंच पर देखना अत्यंत मोहक लग रहा है।

मेघावी छात्राओं को किया स्कूटी वितरण : कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीना ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देवनारायण योजना एवं कालीबाई भील स्कूटी योजना के तहत मेधावी छात्राओं को प्रतिकात्मक रूप से 11 स्कूटियों का वितरण किया। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ खुशाल यादव, जिला पुलिस अधीक्षक ममता शुग्ना, अतिरिक्त जिला कलक्टर जीतेन्द्र सिंह नरूका, एसडीएम सवाई माधोपुर अनिल चौधरी सहित संबंधित अधिकारी, अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं आमजन उपस्थित रहे।

गौरी देवी राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित हुआ स्कूटी वितरण कार्यक्रम

वन एवं पर्यावरण मंत्री ने की कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 294 छात्राओं को स्कूटी वितरित, स्कूटी की चाबी मिलने पर बेटियों के खिले चेहरे

परिष्कार पत्रिका जयपुर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संजय शर्मा ने गौरी देवी राजकीय महिला महाविद्यालय अलवर में आयोजित कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना 2021-22 के तहत 294 छात्राओं को स्कूटी वितरित कर चाबी व हैलमेट सौंपा। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार शर्मा ने बेटियों को महाशिवरात्रि एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण एवं बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्कूटी बेटियों के सपनों को साकार करने में मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि अपने परिश्रम के बल पर स्कूटी प्राप्त करने वाली मेधावी बेटियों से अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को बेटियों की भागीदारी से अर्जित किया जा सकेगा। वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में मेधावी बेटियों के लिये प्रारम्भ की गई स्कूटी वितरण योजना से हजारों बेटियों को अपने सपने साकार करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने स्कूटी वितरण के दौरान बेटियों को हेलमेट भेंट कर स्कूटी चलाते समय हमेशा हैलमेट पहनने की सीख भी दी।

मंत्री शर्मा ने प्राचार्य की मांग पर गौरी देवी महाविद्यालय में नगर विकास न्यास के माध्यम से मध्य ऑडिटोरियम बनवाने एवं महाविद्यालय में पेवजल व्यवस्था हेतु विधायक कोष से दी फेन बोरिंग करवाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए बसए संग्रहालय एवं वन विभाग के अन्तर्गत आने वाले बायोलोजिकल पार्क एवं अन्य स्थानों पर भ्रमण की निःशुल्क सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि पाण्डुपोल हनुमान मंदिर में शनिवार व मंगलवार एवं शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क प्रवेश दिया गया। इसी की तर्ज पर बूंदी के गडरिया महादेव मंदिर में भी श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि के पर्व पर दर्शन हेतु निःशुल्क प्रवेश की सुविधा प्रदान की गई। जीडी कॉलेज की प्राचार्य डॉ मंजू यादव ने कहा कि मंत्री संजय शर्मा ने विधायक रहते हुए महाविद्यालय में गेस्ट रूम बनवाया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं बडी संख्या में छात्राएं व उनके परिजन उपस्थित रहे।

सेंट माईकल सीनियर सैकंडरी स्कूल

[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [अंग्रेजी माध्यम]

प्रवेश प्रारंभ

विशेषताएं : न्यूनतम शिक्षण शुल्क, श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

नीयल डिसिल्वा

सुभाष चौक, आमेर रोड़, जयपुर राजस्थान

सदाचार उच्च माध्यमिक विद्यालय

आकड़ मार्ग, बनीपार्क जयपुर फोन नं. 2202026

[अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]

कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय

प्रवेश प्रारंभ

बोर्ड परीक्षाओं में शतप्रतिशत परिणाम

SADACHAR PUBLIC SCHOOL

(An English Medium Co-educational institute)

Ph. 3141519, 2202026

English Medium :- Play Group to VIIth

Conveyance Facility (Auto)

Based on N.C.R.T. Pattern

हार्दिक शुभकामनाएं

ऊषा शर्मा प्रिंसिपल
सदाचार उच्च मा विद्यालय

31 महिलाएं उल्लेखनीय कार्य करने के लिए अन्तरराष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मान से सम्मानित

परिष्कार पत्रिका जयपुर। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रही शुभ विचार ए राइट थिंकिंग संस्था द्वारा राष्ट्रीय एवम अंतरराष्ट्रीय पर स्तर उल्लेखनीय कार्य कर रही 31 सफल महिलाओं को आठवें अंतरराष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं का चयन संस्था द्वारा मनोनीत 3 सदस्यीय ज्यूरी द्वारा किया, चयन का आधार उनके द्वारा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किये गये उल्लेखनीय कार्य और उस कार्य से समाज को मिला लाभ रहा। संस्था के फाउंडर जीतेन्द्र शर्मा ने बताया की इस दौरान सफल महिलाएं ने अपनी सफलता की कहानी अनटोल्ड स्टोरी बिहाइंड द सक्सेस में सब के साथ सांझा की जिससे सुनकर उपस्थित महिलाएं भी प्रेरित हुई। इस दौरान कार्यक्रम के अतिथि मोहन लाल यादव सचिव महिला एवम बाल विकास राजस्थान सरकार, अर्चना सुराणा फाउंडर डायरेक्टर आर्च कॉलेज ने महिला सशक्तिकरण पर विचार रखे। सफल महिलाओं को संस्था द्वारा शॉल ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र दे कर अथिति आई.एस मोहनलाल यादव सचिव राजस्थान महिला अधिकारिता विभाग, अर्चना सुराणा डायरेक्टर आर्च कॉलेज, जीतेन्द्र शर्मा संस्थापक शुभ विचार

जयपुर द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जयपुर दूरदर्शन के प्रसिद्ध समाचार वाचक गौरव शर्मा ने किया। अथितियों का स्वागत पर्ल मीडिया के कंसल्टेंट ललित शर्मा ने किया।

पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान के लिए सरकार प्रतिबद्ध

गृहराज्य मंत्री ने पत्रकार सुरक्षा को लेकर सर्कुलर जारी किया

परिष्कार पत्रिका जयपुर। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा एवं उनके सम्मान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा इस बात को सुनिश्चित किया जाएगा की पत्रकारों के साथ हुई किसी भी घटना पर पुलिस तुरंत एवं त्वरित कार्रवाई करे। गृहराज्य मंत्री बेढ़म गुरुवार को भारतीय प्रेस पत्रकार संघ के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा की पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान के लिए पुलिस महानिदेशक और जिलों के सभी एसपी और कमिश्नर को इस बाबत सर्कुलर जारी करेंगे।

भारतीय प्रेस पत्रकार संघ के अध्यक्ष अमय जोशी ने गृह राज्यमंत्री द्वारा पत्रकार सुरक्षा को लेकर संघ की मांग मानने के निर्णय पर उनका आभार प्रकट किया। गृह राज्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को जारी किया सर्कुलर। इस दौरान गृह राज्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक के नाम से सर्कुलर जारी किया। सर्कुलर में पत्रकारों की सुरक्षा एवं उनके हितों का पूरा ध्यान रखते हुए पत्रकारों का सम्मान करने के साथ ही उनके साथ होने वाली किसी भी घटना पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक मानसिंह एवं पत्रकार व उनके परिजन भी मौजूद थे। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेडम ने पत्रकारों के साथ बैठकर फाइटर फिल्म भी देखी।

चौधरी विद्यालय सोड़ाला ने कक्षा 12वीं का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया

परिष्कार पत्रिका जयपुर। चौधरी पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल सोड़ाला ने कक्षा 12वीं का विदाई समारोह धूमधाम से गुलाबबाग रिसोर्ट में मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर जॉन बाउटियर, प्रोफेसर अरुधीत चिरमानी, प्रो जिन बाउटियर, डॉ चयनिका उनियाल हिस्ट्री प्रोफेसर दिल्ली यूनिवर्सिटी, सुनिल शर्मा उपाध्यक्ष कांग्रेस सोशल मीडिया थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहिताश भगासरा चैयरमैन चौधरी एजूकेशन ग्रुप थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न गीतों पर अपनी शानदार और मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को गिफ्ट प्रदान किए और टाइटल दिए। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपने अध्यापक-अध्यापिकाओं को उपहार प्रदान किए। इस अवसर पर विद्यालय के मिस्टर बेस्ट और मिस बेस्ट का खिताब भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने साथ में सहभोज का आनंद लिया। विद्यालय की प्रिंसिपल रिचा चौधरी ने सभी का आभार प्रकट किया ।

ज्ञानदीप विद्यालय में मनाया विदाई समारोह

परिष्कार पत्रिका जयपुर। ज्ञानदीप सीनियर सैकंडरी स्कूल जयपुर में कक्षा 12वीं का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया। इस अवसर विद्यालय के निदेशक गोपाल गुर्जर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देकर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्यकी कामना की। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया।

सि. नं. 259/2001 राजस्थान सरकार से स्वायं मान्यता प्राप्त

जय मां सरस्वती विद्यापीठ सी.सै. स्कूल

संस्थापक- कला एवं वाणिज्य (कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम])

JMS VIDHYAPEETH SR. SEC. SCHOOL

(An English Medium) Nur. to XII(Arts & Com.)

प्रवेश प्रारंभ 44, दुर्गा विस्तार कॉलोनी, तवत जी का बंधा, एनबीसी स्कूल क्वार्टर्स के पीछे, शांतीपुरा रोड़, जयपुर -6

Ph. 0141-2225200, Mob. No. 9251467543, 9251467545

विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

रोडवेज की समीक्षा बैठक

340 बीएस, 6 बसों की खरीद के लिए सहमति पत्र जारी

रोडवेज को 900 इलेक्ट्रीक बसों की आवश्यकता, शीघ्र शुरू करें उपापन संबंध प्रक्रिया : अध्यक्ष रोडवेज



परिष्कार पत्रिका जयपुर। परिवहन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं रोडवेज अध्यक्ष श्रेया गुहा ने बताया कि रोडवेज में बीएस 6 श्रेणी की 340 ब्लू लाईन 3*2 बसों के चैसिस और बस बॉडी की खरीद के लिए फर्मों को सहमति पत्र दिये जा चुके है और आगामी 90-100 दिनों में यह बसें रोडवेज बेड़े में शामिल होगी। उन्होंने कहा कि निगम को 2026 तक लगभग 900 इलेक्ट्रीक बसों की आवश्यकता होगीए इसके लिए भी विभाग शीघ्र उपापन से संबंधित प्रक्रिया शुरू करेगा। जिससे की वायु गुणवत्ता प्रबन्धन आयोग सीएवयूएम द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालन के साथ दिल्ली-जयपुर मार्ग पर बसों का संचालन निर्बाध रूप से हो सकें। उन्होंने इसके लिए आवश्यक वित्तीय आवश्यकताओं पर भी चर्चा की। गुहा रोडवेज मुख्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होने रोडवेज में शुरू होने वाले कमाण्ड सेन्टर्स की प्रगति, अगले सप्ताह से मुख्यालय पर शुरू होने वाली बायोमेट्रिक अटेन्डेन्स, साफसफाई, कैपीआई, नए बस अड्डों के नवीनीकरण एवं निर्माण, राजस्व अर्जन एवं प्रति किलामीटर लक्ष्यों की भी जानकारी ली।

महिला दिवस का आयोजन : बेटियों के सपनों को भरने वे उडान

रोडवेज में महिला कार्मिको द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव के मुख्य अतिथ्य में महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुहा ने कहा कि बेटीर मां आप सभी अपनी बेटियों के सपनों को उडान भरने दे, इससे ना केवल उनमें आत्मविश्वास विकसित होगा बल्कि जीवन में आने वाली चुनौतियों से भी लडने के लिए तैयार रहेगी। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं महान महिलाओं के विभिन्न क्षेत्रो में दिए गए योगदान का स्मरण भी किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक प्रशासन अनीता मीना कार्यकारी निदेशक यातायात डॉ ज्योति चौहान, वित्तीय सलाहकार रामगोपाल पारीक सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

सदाचार विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी महोत्सव का भव्य आयोजन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। कन्या सदाचार उच्च माध्यमिक विद्यालय और सदाचार पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में विज्ञान प्रदर्शनी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न वर्ग के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, साथ ही एक से एक आकर्षक मॉडल प्रदर्शनी में उतार कर अपनी भविष्य की सोच को रखा।

बच्चों की प्रस्तुति देखकर निर्णायक व अभिभावक ने बच्चों की पीठ थपथपाई। प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद में बच्चों द्वारा लगाए गए मॉडल निरीक्षण कर उनके कई सवाल जवाब किए। बच्चों में अपनी सफलता दिखाते हुए मॉडल के बारे में विस्तार से बात कर सभी को संतुष्ट किया। प्रधानाचार्य उषा शर्मा ने बताया कि बच्चों ने वलीन इंडिया, स्मार्ट सिटी, जल, पर्यावरण संरक्षण व ऊर्जा पवन चक्की आदि मॉडल की प्रस्तुति की। बेस्ट मॉडल सहित अन्य प्रतिभागियों को चयनित किया गया। जिनका अतिथियों ने पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा उभर कर बाहर आने व उनकी सोच का पता चलता है। इस मौके पर समस्त स्टाफउपस्थितथा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ऊषा शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

जिला उपभोक्ता आयोग द्वितीय ने दोष युक्त कार बेचने पर लगाया 5 लाख का जुर्माना

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जिला उपभोक्ता आयोग द्वितीय ने दोष युक्त कार बेचने व उसे समय से ठीक नहीं करने पर उसके ग्राहक को हुई मानसिक शारीरिक आर्थिक परेशानी को गंभीर सेवा दोष मानते हुए कार डीलर आकड़ कार प्राइवेट लिमिटेड जयपुर पर 5,00,000 रुपये का हर्जाना लगाया है साथ ही कार की कुल कीमत 33,05,500 रुपए मय ब्याज़ परिवादी व्यय के 11,000 रुपये परिवादी को देने के लिए कहा है। आयोग अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीणा व सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश मुरलीपुरा निवासी निखिल अग्रवाल के परिवाद पर दिया। परिवादी की अधिवक्ता आकाश कुमार ने बताया कि परिवादी ने आकड़ कार से 26 जुलाई 2022 को एक कार जीप कंपास खरीदी थी। जिसमें पहले दिन से ही कई कमियां वा खराबी थी। जिसके कारण पारिवादि को काफी मानसिक आर्थिक व शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ा। कई बार कार सर्विस सेंटर में ठीक होने के लिए देने व डीलर से उसे ठीक करके देने को कहने पर भी उसकी कार की कमियों को ठीक नहीं किया गया। विपक्षी कार विक्रेता व सर्विस सेंटर कि इस सेवा दोष व खराब कार बेचने को परिवादि ने जिला उपभोक्ता आयोग में चुनौती देकर खराब कार की कीमत मय हर्जा एवं राशि दिलाए जाने का आग्रह किया था।

PRIME TRACK

शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

Trackon
Couriers Pvt. Limited

अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -

शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

प्रकाशन के लिए अपने संदेश, ख़बर भेजें या मेल करें -

संपादक,
परिष्कार पत्रिका,
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईसाआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो. 9314407796
9351311820
G-Mail: parishkarpatrika@gmail.com

वैदिक कन्या पीजी महाविद्यालय में विज्ञान दिवस पर नेशनल कांफ्रेंस

कार्बन फुटप्रिंट व क्लाइमेंट चेंज विषय पर नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। वैदिक कन्या पीजी महाविद्यालयए राजापार्क में विज्ञान दिवस के उपलक्ष में कार्बन फुटप्रिंट व क्लाइमेंट चेंज विषय पर एक नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया इसके उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जयपुर नगर निगम की मेयर डॉक्टर सौम्या गुर्जर रहीं। उन्होंने कहा की कार्बन उत्सर्जन एक वैश्विक समस्या है जिस पर समय रहते कार्य किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि हम पृथ्वी के पुत्र हैं तो अपनी मां का ख्याल रखना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर समाजसेवी रवि नईयर भी उपस्थित रहे एवं उन्होंने भी कहा की जहां तक हो हमें प्रकृति के समीप रहना चाहिए जिससे कार्बन उत्सर्जन कम हो। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर लतिका डा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की कॉलेज की छात्राएं हर गतिविधि में आगे रहती हैं व महाविद्यालय उनके समग्र विकास में हमेशा तत्पर रहता है। अपने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी नगर निगम द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों में हमारी भागीदारी रहेगी। संस्था सचिव डॉक्टर अनिरुद्ध साहनी ने कहा की वैदिक पद्धति से जीवन जीने से इस प्रकार की समस्याएं सर नहीं उठा पाएंगे पर्यावरण विशेषज्ञ डॉक्टर संजय पलमीटकार ने कहा की जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है क्योंकि आने वाले समय में इसके परिणाम घातक होंगे। वे राजा पार्क के वैदिक कन्या पीजी महाविद्यालय में जलवायु परिवर्तन पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से विशेषज्ञ विकास ब्रिज कौशली ने फिरोजाबाद के चूड़ी कारखाने की केस स्टडी करके उन्हें ऐसी क्रियाएं विकसित करने का तरीका बताया जिससे ऊष्मा वी कार्बन उत्सर्जन में कमी हो सके उन्होंने कहा की जलवायु परिवर्तन व प्रदूषण का दुनिया भर को खुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने इसे नियंत्रित करने के लिए तरीके तलाशने पर जोर दिया। वीएस से आई कार्बन एक्सपर्ट डॉक्टर गरिमा शर्मा ने कहा कि हमें कार्बन डाइऑक्साइड के स्रोत का पता लगाकर उसे पर अंकुश के प्रयास करने होंगे तभी बदलाव संभव है। सेमिनार के प्रथम तकनीकी सत्र में प्रोफेसर टी आई खान ने सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए ओजोन लेयर और कार्बन उत्सर्जन से उत्पन्न पर्यावरणीय खतरों के बारे में बताया और इससे निपटने के सुझावों पर चर्चा की। कॉन्फ्रेंस में एमिटी यूनिवर्सिटी एसेट विल्कॉर्ड कॉलेज व वैदिक कन्या महाविद्यालय की शोध छात्राओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। कॉन्फ्रेंस में कॉलेज के वनस्पति शास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ लक्ष्मी शर्मा लक्ष्मी माथुर डॉ रूचि माथुर ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कॉन्फ्रेंस की कन्वीनर डॉक्टर अर्चना पारीक ने कॉन्फ्रेंस की पूरी जानकारी दी। डॉ नेहा खत्री ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज जयपुर में इंटर कॉलेज फेस्ट गूंज-2023 का आयोजन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। लाल बहादुर शास्त्री पी.जी. कॉलेज में इन्टर कॉलेज फेस्ट ''गूंज - 2023'' का आगाज किया गया। जिसमें चार अन्तर-महाविद्यालयी प्रतियोगिताएं जैसे रंगोली, पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. मुदित गुप्ता, प्राचार्य, लालबहादुर शास्त्री पी.जी. महाविद्यालय, जयपुर डॉ. पद्म सिंह, उप-प्राचार्य, अलंकार पीजी कॉलेज, डॉ. अर्चना पारीक, पीजी हेड, वनस्पति विभाग, वैदिक कन्या कॉलेज, जयपुर रहे। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मण्डल में वाद विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. पदम सिंह, उप-प्राचार्य, अलंकार पीजी कॉलेज, डॉ. अर्चना पारीक, पीजी हेड, वनस्पति विभाग, वैदिक कन्या कॉलेज, जयपुर एवं डॉ. घनश्याम लोटन, सहायक आचार्य, लालबहादुर शास्त्री पी.जी. महाविद्यालय, रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. सौरभ दवे, रसायन शास्त्र विभाग, जे.ई.सी.आर.सी., जयपुर. डॉ. मंजू पाराशर, प्राचार्या, एल.बी.एस. महिला टी.टी. कॉलेज, शिवांगी शर्मा, सहायक आचार्या, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, एल.बी.एस. कॉलेज, जयपुर, पोस्टर प्रतियोगिता में डॉ. धर्मेन्द्र चाहर, राजकीय कृषि महाविद्यालय, दौसा, डॉ. हार्दिक पाठक, हेड, बायो टेक्नोलोजी विभाग, जे.ई.सी.आर.सी., जयपुर. डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, इनचार्ज, वाणिज्य विभाग, एल.बी.एस. कॉलेज, जयपुर ने निर्णायक की भूमिका अदा की एवं एकल नृत्य में निर्णायक के रूप में डॉ. दीपा गुप्ता, प्राचार्या, एल.बी.एस. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, जयपुर, प्रो. कविता यादव, रसायन शास्त्र विभाग, एपेक्स विश्वविद्यालय, जयपुर, डॉ. प्रिती शर्मा, सहायक आचार्य, रसायन शास्त्र विभाग, एल.बी.एस. कॉलेज जयपुर रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जसराज, परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सिलेंसी ने द्वितीय स्थान रम्या भोला, एस.जे. कॉलेज, जयपुर ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृतिका भारद्वाज, एल.बी.एस. कॉलेज, जयपुर ने द्वितीय स्थान शुभांगी सिंह, एल.बी.एस. कॉलेज, जयपुर ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विकास जाबडोलिया, स्टेर्नी मेमोरियल पी.जी. कॉलेज ने द्वितीय स्थान कोनेन खान, एस.जे. कॉलेज, जयपुर ने पाप किया।

महाविद्यालय में आयोजित हुये इन्टर कॉलेज फेस्ट गूंज में जयपुर के 30 प्रतिष्ठित महाविद्यालयों से लगभग 180 प्रतियोगियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह व उमंग के साथ अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष प्रागेश्वर तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया व शुभाशीष प्रदान किये। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुदित गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। ''गूंज'' फेस्ट 2023 का सफल आयोजन डॉ. सुनिता अग्रवाल, संयोजिका, सह-सैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधि द्वारा किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के अनकों निर्णय और कार्य किए गए : दिया कुमारी

उप-मुख्यमंत्री ने कहा महिलाएं राष्ट्र के विकास के लिए बराबरी से कर रही योगदान

परिष्कार पत्रिका जयपुर। उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी के विशिष्ट आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जैन बैलांबर तेरापंथ महिला मंडल जयपुर शहर की ओर से मालवीय नगर स्थित अणुविभा केंद्र पर एंपावरमेंट वूमेनहूड कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अंतरष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी का सम्मान करना हमारे देश की सदियों पुरानी परंपरा है। देश का विकास महिलाओं के विकास के बिना संभव नहीं है। राष्ट्र निर्माण में महिलाएं पुरुषों के समान बराबरी से कंधे से कंधा मिलाकर अपना महत्वपूर्ण और समुचित योगदान दे रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं के विकास के अनेकों निर्णय लिए गए हैं। महिलाओं की प्रगति में सहयोगी योजनाएँ व कार्यक्रम चलाए गए हैं। उन्होंने शासन गौरव कनक साध्वी का अभिनंदन किया और आशीर्वाद भी लिया। शासन गौरव कनक साध्वी ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि यह गौरव का विषय है कि दिया कुमारी जैसी महत्वपूर्ण महिला उप-मुख्यमंत्री के रूप में राजस्थान राज्य की सेवा समर्पित भाव से कर रही हैं। इससे प्रदेश निश्चित रूप से प्रगति की ओर अग्रसर होगा।

साध्वी ने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि महिलाओं की लीडरशिप जहां होती है वह सफल होती है। महिलाओं की लीडरशिप में कहीं कोई संदेह की गुंजाईश नहीं है। उन्होंने कहा कि तेरापंथ महिला मंडल की ओर से राष्ट्र जागरण का कार्य किया जा रहा है। तेरापंथ महिला मंडल की महिलाएं राष्ट्र सेवा का कार्य कर रही हैं। यह भी एक गौरव की बात है कि भारत देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी एक महिला है। महिलाएं हर क्षेत्र में विकास की वाहक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के निर्देशन में संसार का संचालन हो रहा है। महिलाएं अपनी अगली पीढ़ी को शिक्षित और दीक्षित कर राष्ट्र के निर्माण के लिए कार्य करें। कार्यक्रम में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष संरिता डागा ने कहा कि तेरापंथ महिला मंडल की ओर से स्वच्छ भारत का निर्माण और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए प्लास्टिक रीसायकल मशीनों का वितरण किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए सिलाई मशीन और आटा चक्की और इसी तरह के उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की ट्रस्टी विमला बुग्गड़, पूर्व अध्यक्ष पुष्पा बैद, सदस्य नीलिमा बैद, तेरापंथ महिला मंडल जयपुर की अध्यक्ष नीरू मेहता, नीमी नीलिमा बैद तथा तेरापंथ महिला मंडल की महिला सदस्य उपस्थित रही। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई जिसमें महिलाओं ने महिला जागृति और प्रेरणा के गीत गाए। इसके साथ ही महिला सशक्तीकरण की एक नाटिका भी प्रस्तुत की।

कैथलीनों आई फाउंडेशन के संस्थापक माईकल कैथलीनों कर रहें सामाजिक सेवा के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियां

परिष्कार पत्रिका जयपुर। 80 वर्षीय माईकल कैथलीनों सामाजिक कार्यों में अपने योगदान से युवाओं के प्रेरणा स्त्रोंत बने। कैथलीनों आई फाउंडेशन के अध्यक्ष कैथलीनों सामाजिक सेवा और विभिन्न गतिविधियों के साथ अपने कर्तव्य की पालना कर हैं। उन्होंने परिष्कार पत्रिका को बताया कि 40 रूपए से अपनी यात्रा को शुरू की। अब आपसी सहयोग से पिछले चार वर्षों से जरूरत महिलाओं को राशन सामग्री का वितरण कर रहे है। साथ ही चिकित्सा कैम्पों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकक कर रहे है। हाल ही में मेडिकल कैम्प में उन्होंने स्मारिका का विमोचन किया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंट जेवियर्स कॉलेज के वाईस प्रिंसिपल फादर रेमंड थे। केथलीनो आई फाउडेशन ने गरीब परिवारों को राशन सामग्री वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आई फाउंडेशन के अध्यक्ष माइकल कैथलीनों ने बताया कि कोरोना काल आने पर शुरू किया यह कार्यक्रम पिछले तीन वर्षों से नियमित रूप से हर माह की 15 तारीख को किया जाता है। इसमें 19 परिवारों को सूखी राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर डेंजिल नाजरथ, हेमलता किरार गलेरिया सहित पूरी टीम एवं रवि सिंह किरार उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 141-2450128/ 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार